भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.700

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

नए राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु स्वीकृति

700. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भरतपुर पहाड़ी से वायानगर, कठुमार, महुआ, हिंडन से मंडरायल तक एक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दी जा चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): जी, हां। मंत्रालय ने 'सैद्धांतिक तौर पर' इस राज्य सड़क को नई राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अनुमोदित किए जाने की घोषणा की है जो विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के परिणामों के ऊपर निर्भर करती है। तथापि, सरकार राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने के संबंध में संशोधित दिशा-निर्देशों को बनाने की प्रक्रिया में है, जो ऐसी राज्य सड़कों को प्राथमिकता, यातायात घनत्व और निधियों की उपलब्धता के आधार पर घोषणा करने के लिए उपयोग की जाएगी।

*****